# सड़कों की गुणवत्ता और पेचवर्क जांचने फील्ड में उतरे अभियांत्रिकी निदेशक

## जयपुर विकास प्राधिकरण के ठेकेदारों द्वारा बनाई जा रही सड़कों की रि-कारपेटिंग में धांधली की शिकायत पर किया निरीक्षण, अधिशाषी अभियंता से रिपोर्ट मांगी

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण के ठेकेदारों की ओर से बनाई जा रही सड़कों की रि-कारपेटिंग में धांधली की शिकायत मिलने के बाद अब जे.डी.ए. के निदेशक अभियांत्रिकी (डायरेक्टर इंजीनिरिंग) अजय गर्ग खुद फील्ड में उतर आए हैं। लंबे अवकाश के बाद वापस लौटने पर अजय गर्ग ने जैसे ही वापस निदेशक इंजीनियरिंग का काम संभाला तो पहला काम उन्होंने सड़क और पेचवर्क की जांच का लिया। वे खुद अजमेर रोड, एलीवेटेड रोड, सोडाला में पहुंचे और सड़क निर्माण कार्य की जांच की। उन्होंने तमाम कामों का निरीक्षण करने के बाद संबंधित अधिशाषी अभियंता से अब तक हुए कामों की रिपोर्ट मांग ली है।



जे.डी.ए. के जोन-7 द्वारा पुलिस कमिश्नरेट के सामने अजमेर रोड पर पूर्व में बनी अच्छी-खासी सड़क पर दो दिन पूर्व रि-कारपेटिंग की गई।

- अभियांत्रिकी निदेशक अजय गर्ग ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट से अजमेर रोड के बीच सड़क पर पूरी तरह रस्टिंग नहीं आई थी, इसलिए यहां अब सिर्फ बिटुमिन कंक्रीट की लेयर चढ़ाई जा रही है, डब्ल्यू.बी.एम. नहीं किया जा रहा।
- परंतु इंजीनियरिंग निदेशक भी यह नहीं बता पाए कि करीब 2 वर्ष पुराने वर्क ऑर्डर पर पुलिस कमिश्नरेट से अजमेर रोड पर सड़क बनाने का काम क्यों किया जा रहा है। लेटलतीफी पर यह टैंडर रद्द क्यों नहीं किया गया।
- बड़ा सवाल यह है कि राजस्थान में भाजपा की सरकार बने ही अभी 10 माह का समय हुआ है, 'राइजिंग राजस्थान' का निर्णय भी कुछ दिन पहले हुआ, ऐसे में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के समय करीब 2 वर्ष पूर्व अच्छी-खासी हालत वाली इस सड़क की रि-कारपेंटिंग का 7 करोड़ रु. का टैंडर क्यों किया गया, इसका जवाब किसी अधिकारी के पास नहीं हैं।

अभियांत्रिकी निदेशक अजय गर्ग ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट से अजमेर रोड की तरफ बनाई जा रही सड़क पर सिर्फ बिटुमिन कंक्रीट की लेयर चढ़ाई जा रही है, यहां पर डब्ल्यू.बी.एम. नहीं किया जा रहा। आखिर करीब 2 वर्ष पुराने वर्क ऑर्डर पर पुलिस कमिश्नरेट से अजमेर रोड पर सड़क बनाने का काम क्यों किया जा रहा है, इसके बारे में तो वे जवाब नहीं दे पाये। हालांकि उन्होंने इतना कहा कि इस सड़क पर पूरी तरह रस्टिंग नहीं आई थी, इसलिए सिर्फ एक लेयर बिटुमिन कंक्रीट की जा रही है। राइजिंग राजस्थान के दौरान भी जयपुर की सड़कें नई दिखे, इसके लिए भी यह सड़क बनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस कमिश्नरेट से अजमेर रोड पुरानी चुंगी तक की सड़क कुछ जगह क्षतिग्रस्त थी, जिसकी वीडियोग्राफी जोन के इंजीनियर्स द्वारा करायी गई है।

मजेदार बात यह है कि करीब 2 वर्ष पुराने टैंडर और वर्क ऑर्डर पर जोन-7 के इंजीनियर यह सड़क मैसर्स लटाला कंस्ट्रक्शन कंपनी से बनवा रहे हैं, अब राइजिंग राजस्थान के नाम पर सड़क पर सिर्फ बिटुमिन कंक्रीट की एक परत चढ़ाने की बात कही जा रही है।

परंतु बड़ा सवाल यह है कि राजस्थान में भाजपा की सरकार बने ही अभी 10 माह का समय हुआ है, भजनलाल सरकार बनने के बाद ही 'राइजिंग राजस्थान' का निर्णय हुआ, ऐसे में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के समय 2 वर्ष पूर्व अच्छी-खासी हालत वाली इस सड़क की रि-कारपेंटिंग का 7 करोड़ रु. का टैंडर क्यों किया गया, इसका जवाब किसी अधिकारी के पास नहीं हैं।

वहीं दूसरी ओर जे.डी.ए. की गुणवत्ता प्रकोष्ठ की टीम भी जयपुर शहर में बनने वाली घटिया सड़कों की जांच के लिए सक्रिय हो गई है। गुणवत्ता प्रकोष्ठ के अधीक्षण अभियंता विवेक शर्मा अपनी टीम को निर्देश देते नजर आए। वे खुद अब संबंधित जोन के एक्सईएन और एईएन और जेईएन के सामने सड़कों और पेचवर्क के सेम्पल उठाएंगे। इसके बाद इसे जांच के लिए लेबोरेट्री भेजा जाएगा।

यह रिपोर्ट संबंधित अधिशाषी अभियंत, जे.डी.ए. कमिश्नर व डायरेक्टर इंजीनियरिंग को भेजी जाएगी। पूर्व में भी विभिन्न जोन के जो सैम्पल लिए गए थे उनमें भी कुछ जगहों पर डामर की मात्रा कम मिली थी।

# शिक्षा मंत्री ने किया बाल निबंध संग्रह 'नैतिक मूल्यों की ज्योति' का विमोचन

**जयपुर (कासं)।** शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने जयपुर स्थित राजकीय आवास पर ओमप्रकाश तंवर द्वारा लिखित एवं बाफना पब्लिशिंग हाऊस जयपुर द्वारा प्रकाशित पुस्तक "नैतिक मूल्यों की ज्योति" बाल निबंध संग्रह का विमोचन किया।



शिक्षा मंत्री ने कहा कि हमारे जीवन में नैतिक मूल्यों का बड़ा महत्व है। नैतिक मूल्य व्यक्ति को संस्कारी बनाते हैं और अनुशासित व संयमित जीवन जीने की प्रेरणा देते हैं। ऐसे में यह पुस्तक निश्चित ही छोटे-छोटे बच्चों में संस्कार का बीजारोपण करेगी। यह पुस्तक बच्चों के लिए अनुकरणीय है। इस पुस्तक में जल्दी सोए-जल्दी उठे, छुएं बड़ों के पैर, पाएं उनका आशीर्वाद, पहला सुख निरोगी काया, आज का काम आज ही निपटाएं जैसी शिक्षा देने का उत्तम प्रयास किया गया है। इस सकारात्मक प्रयास के लिए ओमप्रकाश तंवर और प्रकाशक बाफना पब्लिशिंग हाऊस जयपुर को बहुत-बहुत बधाई। पुस्तक के विमोचन के अवसर पर भाजपा के प्रदेश कोषाध्यक्ष पंकज गुप्ता ने पुस्तक के लेखक तंवर के साथ प्रकाशक पारस बाफना से शिक्षा मंत्री मदन दिलावर की शिष्टाचार भेंट करायी। इस मौके पर राजस्थान पेंशनर समाज के चूरू जिलाध्यक्ष बिरजू सिंह राठौड़, उपाध्यक्ष हरीसिंह के साथ अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

# प्रसारणकर्मियों को भी मिलेगा बोनस

**जयपुर।** राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम के कर्मचारियों को राज्य सरकार के कर्मचारियों की तर्ज पर बोनस दिया जायेगा। आज इस सम्बन्ध में प्रसारण निगम द्वारा आदेश जारी कर दिये गये हैं। प्रसारण निगम के प्रबन्ध निदेशक नथमल डिडेल ने बताया कि प्रसारण निगम के कर्मचारियों को जो पे-मैट्रिक्स के पे लेवल एल-12 अथवा ग्रेड पे-4800 और उससे कम में वेतन आहरित कर रहे है, उन्हें वर्ष 2023-24 के लिए तदर्थ बोनस स्वीकार किया है। बोनस कि गणना अधिकतम परिलब्धियां 7000 रूपये तथा 31 दिन के माह के आधार पर की जाएगी। तदर्थ बोनस 30 दिन की अवधि के लिए देय होगा।

## सार-समाचार

### बजरंग सेना राष्ट्रीय प्रचारक का स्वागत



**जयपुर (कासं)।** बजरंग सेना राष्ट्रीय प्रचारक और गौरक्षा दल के संत हरिओम सीताराम गाय वाले बाबा गुरूवार को जयपुर पहुंचे। उन्होंने ओंकारेश्वर से पदयात्रा शुरू की और गुरूवार को जब वे जयपुर पहुंचे तो बजरंग सेना के पदाधिकारियों ने उनका भव्य स्वागत किया। पदाधिकारियों ने गौ माता को राष्ट्रीय माता घोषित के लिए जिला कलेक्टर को प्रधानमंत्री के नाम से ज्ञापन सौंपा। बजरंग सेना राष्ट्रीय सचिव नरेन्द्र व्यास ने बताया कि संत हरिओम सीताराम, गाय वाले बाबाजी के नाम से प्रसिद्ध है जो कि गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित के लिए ओंकारेश्वर से पदयात्रा प्रारंभ करते हुए जगह-जगह कलेक्टर को प्रधानमंत्री के नाम से गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित के लिए ज्ञापन देते हुए आ रहे हैं। शुक्रवार को जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के जयपुर पधारने पर महाराजश्री गौप्रतिष्ठा आंदोलन धर्म सभा विद्याधर नगर स्टेडियम में प्रातः 11 बजे पहुंचेंगे, उसके बाद पदयात्रा के माध्यम से दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे। जहां पर जगतगुरु शंकराचार्य की धर्म सभा में भाग लेकर पदयात्रा का समापन करेंगे। जयपुर कलेक्टर को ज्ञापन देने के दौरान बजरंग सेना राष्ट्रीय प्रमुख पं. अशोक शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष पृथ्वीराज यादव, प्रदेश संगठन मंत्री गौरक्षा दल सिद्धार्थ कलावटिया, जिला अध्यक्ष रवि सैनी व अजय शर्मा, प्रह्लाद शुक्ला, दरबन सिंह नेगी, नरेन्द्र सिंह चौहान, अधिवक्ता बनवारी लाल कुमावत उपस्थित रहे।

### महापौर कुसुम यादव ने बांटे प्रमाण पत्र



**जयपुर।** नाहरगढ़ रोड स्थित श्री राम आईटीजीके केंद्र में प्रशिक्षार्थियों को प्रशिक्षण पूरा करने के उपरांत छात्र-छात्राएँ को प्रमाण पत्र वितरण किया गया। प्रभात शर्मा ने बताया कि समारोह की मुख्य अतिथि महापौर हेरिटेज नगर निगम जयपुर कुसुम यादव, भाजपा नेता चंद्र मनोहर बटवाड़ा, पूर्व पार्षद एवं चेयरमैन एवं अजय यादव, कृष्ण कुमार चतुर्वेदी, पुनीत चतुर्वेदी, त्रिलोक खंडेलवाल, प्रवीण कुमार शर्मा, गुलाबचंद श्रीमाल, विष्णु मीणा अक्षय यादव, दिलीप गौतम, सियाशरण शर्मा और एडवोकेट कपिल शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ कार्यकर्ता प्रभात शर्मा ने किया।

### मासूम से दुष्कर्म का प्रयास

**जयपुर।** विश्वकर्मा थाना इलाके में सात वर्षीय की मासूम के साथ पड़ोसी युवक ने दुष्कर्म करने का प्रयास किया। आरोपी बालिका को खेलने के बहाने ले गया और जबरदस्ती करने का प्रयास किया। विरोध स्वरूप बालिका चिल्लाने लगी तो आरोपी ने उसका मुंह बंद कर दिया। पुलिस ने आरोपी किशोर को पकड लिया है। पुलिस ने बताया कि विश्वकर्मा के रहने वाले एक युवक ने मामला दर्ज करवाया कि वह परिवार सहित यहां रहते हैं। उनकी सात वर्षीय की एक बेटी भी है। मंगलवार को उनकी बेटी घर के बाहर खेल रही थी। इसी दौरान पडौस में रहने वाला 13 वर्षीय एक लड़का बहला-फुसलाकर साथ खेलने के बहाने बेटी को अपने घर ले गया। घर में मौका पाकर आरोपी ने मासूम के साथ दुष्कर्म करने की कोशिश की। जबरदस्ती करने पर मासूम ने शोर मचाकर विरोध किया। पकड़ में आने से बचने के लिए आरोपी ने मासूम का मुंह दबाकर बंद कर दिया। ढूंढते हुए पहुंचे परिजनों को मिली मासूम ने आपबीती सुनाई। पडौसी लड़के की करतूत का पता चलने पर पीड़ित बच्ची के परिजन थाने पहुंचे। पुलिस ने पोक्सो एक्ट के तहत तुरंत कार्रवाई कर आरोपी लड़के को पकड़ लिया।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवती की मौत

**जयपुर।** महेश नगर फाटक के पास गुरुवार सुबह ट्रेन की चपेट में आने से एक युवती की मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंच कर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अस्पताल में रखवाया। मृतका की पहचान करतापुरा सैनी कॉलोनी निवासी गीता के रूप में हुई है। मामले की जांच पुलिस कर रही है। पुलिस ने बताया कि गुरुवार सुबह युवती के ट्रेन से कटने की जानकारी मिली थी। इस पर पुलिस टीम मौके पर गई। मौके पर युवती की मां गीता सैनी मिली जो करतारपुरा सैनी कॉलोनी की रहने वाली हैं। बताया जा रहा है कि मृतका की शादी कुछ समय पहले हुई थी। शव को पोस्टमार्टम के लिए एसएमएस मुर्दाघर में रखवा दिया हैं। ट्रेन की चपेट में आने और अन्य कारणों पर जांच की जा रही है। घटना के दौरान आसपास खड़े लोगों से भी इस विषय में पूछताछ की जा रही है।

### शास्त्रीय संगीत समारोह का आगाज आज

**जयपुर।** संगीत आश्रम संस्थान की ओर से तीन दिवसीय शास्त्रीय संगीत समारोह का आगाज 18 अक्टूबर शुक्रवार शाम 4:30 बजे शास्त्रीनगर स्थित साइंस पार्क ऑडिटोरियम में होगा। संस्थान सचिव अमित अनुपम ने बताया कि समारोह के पहले दिन कथक नृत्य कार्यक्रम होगा। इसमें कलाकार जयपुर घराने का शुद्ध पारंपरिक कथक की प्रस्तुति देंगे। इसी प्रकार समारोह के दूसरे दिन 19 अक्टूबर को शाम 4:30 बजे बॉलीवुड के लेजेण्डरी प्लेबैक सिंगर किशोर कुमार याद में सांस्कृतिक संध्या संजोयी जाएगी। समारोह के आखिरी दिन 20 अक्टूबर को शाम 4:30 बजे शास्त्रीय गायक हरबंस ग्रेवाल का संगीत की राग-रागनियों का गुलदस्ता सजाएंगे।

# 22 बीघा सरकारी जमीन पर बसाई जा रही कॉलोनी ध्वस्त

## जे.डी.ए. की प्रवर्तन टीम ने इकोलॉजिकल जोन आगरा रोड पर छुड़ाई बेशकीमती भूमि

- मालवीय नगर में मयूर गार्डन के पास 1700 वर्गगज बेशकीमती जमीन से अतिक्रमण हटाया

**जयपुर (कासं)।** जयपुर विकास प्राधिकरण की प्रवर्तन शाखा ने मालवीय नगर पुलिया से सटे मयूर गार्डन के पास करीब 1700 वर्गगज बेशकीमती सरकारी भूमि, जे.एल.एन. मार्ग, भास्कर चौराहे के पास जीएसटी कॉलोनी के मुख्य द्वारा के सामने कोर्ट स्टे के बावजूद लगाये गये कन्टेनर, तारबंदी को हटवाकर इस भूमि को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया।

इसके अलावा जोन-10 इकोलोजिकल जोन में होटल देवी रतन के पास जेडीए स्वामित्व की करीब 22 बीघा बेशकीमती सरकारी भूमि पर अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया जाकर सरकारी भूमि को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। इसके साथ ही निजी खातेदारी करीब 3 बीघा कृषि भूमि पर नवीन अवैध कॉलोनी को पूर्णतः ध्वस्त किया गया।

उप महानिरीक्षक पुलिस कैलाश चंद्र विश्नोई ने बताया कि इकोलोजिकल जोन आगरा रोड पर होटल देवी रतन के पास खसरा नं. 8 व 9 जेडीए स्वामित्व की करीब 22 बीघा सरकारी भूमि पर कब्जा-अतिक्रमण कर कुछ लोगों ने रातोंरात ग्रेवल सड़क, सीमेन्ट ब्लॉक्स की बाउण्ड्रीवाल, मकान का ढांचा, टीनशेडनुमा कोठरी व अन्य अवैध निर्माण करके कब्जा व अतिक्रमण कर लिया था, जिसे जोन-10 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते ने गुरूवार को ध्वस्त किया।

इसी प्रकार जोन-8 में मुहाना मण्डी के पास ग्राम जैतपुरा उर्फ हाज्यावाला, में करीब 3 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन और बिना भू-रूपान्तरण करवाये "बालाजी एन्कलेव" के नाम से अवैध कॉलोनी बसाने के लिए कई निर्माण कर लिए गए थे। इन अवैध निर्माणों को ध्वस्त करके प्रारंभिक स्तर पर ही अवैध कॉलोनी खुर्द-बुर्द की।

# भूमि-संपत्ति निस्तारण समिति की बैठक

**जयपुर।** जयपुर विकास आयुक्त आनन्दी की अध्यक्षता में गुरूवार को भूमि-संपत्ति निस्तारण समिति की 201वीं बैठक में दो प्रकरण अनुमोदित किए गए। सांगानेर में जेडीए स्वामित्व की ग्राम मदरामपुरा, तहसील सांगानेर 1000 व.मी. भूमि 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र की स्थापना के लिए जयपुर विद्युत वितरण निगम लि. को आवंटन का निर्णय लिया। कार्यालय सहायक अभियंता (सुधार षष्ठम) जयपुर डिस्कॉम को 33/11 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र के लिए निजी खातेदारी योजना गोल्डन पार्क (अतिशय विहार) में सुविधा क्षेत्र की 754.33 वर्ग गज जमीन आवंटित करने का फैसला हुआ।


# जयपुर स्थापना दिवस समारोह का शुभारंभ आज

**जयपुर।** नगर निगम हैरिटेज की ओर से अपनी सांस्कृतिक, हेरिटेज, वास्तु कला, परंपरा और ऐतिहासिक विरासत में दुनिया भर में अपनी अलग पहचान रखने वाले जयपुर शहर के स्थापना दिवस समारोह का 18 अक्टूबर से शुभारंभ किया जाएगा। 18 अक्टूबर से 18 नवंबर तक चलने वाले आयोजन के संबंध में गुरुवार को महापौर कुसुम यादव ने बताया कि जयपुर स्थापना दिवस के समारोह की शुरुआत शुक्रवार सुबह मोती डूंगरी गणेश मंदिर में गणेश पूजन के साथ शुरू हो जाएगी। इसके बाद राजधानी के सबसे पहले पोल गंगापोल स्थित गणेश जी की प्रतिमा का पूजन किया जाएगा। महापौर ने बताया कि इस बार समारोह के अंतर्गत राजस्थानी रीति रिवाज और संस्कृति को बढ़ावा देते हुए कई आयोजन किए जाएंगे। जिसमें राजस्थानी कार्यक्रम, सूफी कार्यक्रम, हेरिटेज वॉक, कत्थक नृत्य और बॉक्स क्रिकेट को भी शामिल किया गया है। महापौर कुसुम यादव ने बताया कि हेरिटेज निगम की ओर से आयोजन के संबंध में पूरी तैयारी कर ली गई है। महापौर कुसुम यादव ने बताया कि इस बार पर्यटक और स्थानीय लोगों को जयपुर शहर के हेरिटेज से परिचय कराने के लिए हेरिटेज वॉक का भी आयोजन किया गया है। जो कि शुक्रवार को सायं छह बजे चांदपोल हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर हवामहल तक की जाएगी। इस दौरान शहरवासियों को स्वच्छता का संदेश भी दिया जाएगा। वहीं शुक्रवार को ही गोविंद देव जी मंदिर में कथक नृत्य का भी आयोजन किया गया है। महापौर कुसुम यादव ने बताया कि वहीं 21 अक्टूबर को शहरवासियों को समारोह के अंतर्गत जल महल की पाल पर सांस्कृतिक कार्यक्रमो की झलक देखने को मिलेगी।

# सवाई मानसिंह अस्पताल के आई.पी.डी. टावर में 15 मंजिला ढांचा तैयार हुआ

## अब बिल्डिंग के इस हिस्से की साज-सज्जा का काम पूरा करके यहां चिकित्सकीय उपकरण स्थापित करने का कार्य शुरू होगा

**जयपुर।** नगरीय विकास विभाग के प्रमुख शासन सचिव वैभव गालरिया ने गुरूवार को सवाई मानसिंह अस्पताल परिसर में बन रहे आई.पी.डी. टावर का निरीक्षण किया। उन्होंने नगरीय विकास विकास और जेडीए के अधिकारियों से परियोजना की प्रगति की जानकारी ली।



नगरीय विकास विभाग के प्रमुख शासन सचिव वैभव गालरिया ने गुरूवार को सवाई मानसिंह अस्पताल परिसर में बन रहे आई.पी.डी. टावर का निरीक्षण किया और अधिकारियों को निर्देश दिए।

गालरिया ने बताया कि आई.पी.डी. टावर का 15 मंजिल तक ढांचा कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। जल्द ही आंतरिक साज-सज्जा का कार्य समय सीमा निर्धारित करते हुए पूरा करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। उन्होंने सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल को आईपीडी टावर में अस्पताल संचालन के लिए आवश्यक चिकित्सकीय उपकरणों की खरीद कर स्थापित करने के लिए निर्देश दिये, ताकि लोकार्पण के समय आईपीडी टॉवर में अस्पताल क्रियाशील स्थिति में दिखे। गालरिया ने कार्डियालॉजी सेंटर का कार्य 30 नवम्बर तक पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने आईपीडी टावर के शेष स्ट्रक्चर कार्य को संसाधन बढ़ाते हुए तय समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये।

इसके बाद गालरिया ने मेडिकल कॉलेज पहुंचकर आईपीडी टॉवर व कार्डियालोजी सेंटर के सफल क्रियान्वयन के लिए मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर्स व जेडीए अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने आईपीडी टॉवर व कार्डियालोजी सेंटर के क्रियाशील होने से पूर्व फैसिलिटी मैनेजमेंट के लिए टैंडर आमंत्रित करने के के निर्देश दिये। इसके लिए एसएमएस मेडिकल कॉलेज की ओर से डॉ. दिनेश गौतम व जेडीए की ओर से निदेशक अभियांत्रिकी प्रथम देवेन्द्र गुप्ता को अधिकृत किया गया है।

गालरिया ने कहा कि एसएमएस अस्पताल में बनाया जा रहा आईपीडी टावर देश का सबसे बड़ा टावर होगा। इस बिल्डिंग में आने वाले मरीजों की सुविधा के लिए 16 लिफ्ट के साथ दो मंजिल पर पार्किंग विकसित की जाएगी। इस परियोजना में 20 ऑपरेशन थिएटर, 100 ओपीडी काउंटर, दो मंजिला बेसमेंट, 1200 बेड, एयर एम्बुलेंस के लिए छत पर हेलीपेड, पहली मजिल पर संगोष्ठी कक्ष, मेडिकल साइंस गैलरी एडमिशन ब्लॉक, दूसरी मंजिल पर रेडियोलॉजी सेवा, डायग्नोस्टिक, एमआरआई सिटी स्कैन, तीसरी मजिल पर छह आईसीयू वार्ड और संबंधित सेवाएं, चौथी मजिल पर पोस्ट और प्रीआपरेटिव वार्ड, न्यूक्लियर मेडिसन, लैब एरिया साथ ही जनरल वार्ड, कॉटेज और डीलक्स रूम जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

# करंट लगाकर युवती की हत्या करने वाला 'लिव इन पार्टनर' गिरफ्तार

## आरोपी ने बैड पर हेयर ड्रायर का तार काटकर रखा और करंट चालू कर दिया था

**जयपुर।** बिंदायका पुलिस ने युवती की करंट लगाकर हत्या करने के मामले में लिव-इन-रिलेशनशिप में रह रहे युवक को दबोच लिया। आरोपी ने पैसे के लिए अपने से 13 वर्ष बड़ी युवती से शादी की थी, लेकिन पैसा नहीं मिलने पर वह परेशान रहने लगा था। दो दिन पहले दोनों में किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। इस दौरान युवती ने उसके मां-बाप को गाली दे डाली। इस पर आरोपी युवक ने युवती को मौत के घाट उतारने की योजना बना डाली।



आरोपी सुनील कुमार

पुलिस के अनुसार 16 अक्टूबर को बिंदायका में एक फ्लैट में युवती का संदिग्ध अवस्था में शव पड़ा मिला था। शव बुरी तरह से काला पड़ा हुआ था। मृतका आरती गुप्ता (38) पुत्री अरुण गुप्ता वैशाली उत्सव अपार्टमेंट सिरसी-कुंडा बिंदायका की रहने वाली थी। वह अपार्टमेंट के फोर्थ फ्लोर पर फ्लैट में अकेली रहती थी। वह कुछ समय पहले स्कूल में टीचर की जॉब करती थी। एक महीने पहले जॉब छोड़ दी थी। दरअसल आरती से संपर्क नहीं होने पर परिजन नोएडा से थाने पहुंचे। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी कि उनकी बेटी आरती सिरसी-कुंडा स्थित वैशाली उत्सव अपार्टमेंट में रह रही है।

पिछले एक-दो दिन से वह मोबाइल भी नहीं उठा रही थी। पुलिस सूचना पर परिजनों को लेकर अपार्टमेंट पहुंची। अपार्टमेंट में रहने वाले लोगों ने चौथे फ्लोर पर आरती का फ्लैट होना बताया। फ्लैट के बंद मिलने पर पुलिस के काफी आवाज लगाने के बाद भी कोई जवाब नहीं मिला। गेट तोड़कर फ्लैट में घुसी पुलिस को आरती का शव बाथरुम में पड़ा मिला।

आरोपी बिहार निवासी सुनिल कुमार व मतृका एक ही फ्लेट मे रह रहे थे। आरोपी व मृतका के बीच उम्र में काफी अंतर था। इसके लिए दोनों में काफी मतभेद होते रहते थे। आरोपी मृतका से रुपयों की डिमांड करता था। 12 अक्टूबर की शाम मृतका व आरोपी में कहासुनी हो गई।

इस पर आरोपी ने उसके माता-पिता को गाली दी। रात को दोनो सो गए। पुलिस पूछताछ में सुनील ने बताया कि कहासुनी के बाद रात को दोनों साथ सो रहे थे। लेकिन उसे नींद नहीं आ रही थी। रात को वह उसकी हत्या की प्लानिंग करता रहा।

रात करीब 12 बजे आरती बाथरुम में गई तो आरोपी उठाकर कमरे में गया और हेयर ड्रेसर के तार को मुंह से काट लिया। इसके बाद उसका तार निकालकर करंट से लगाकर बैड पर छोड़ दिया और लाइट बंद बैड में थोडी दूरी पर सोने का नाटक करने लगा। आरती जैसे ही बैड पर सोने लगी उसे जोरदार करंट लग गया। वह उठकर बाहर चला गया और वहां पर टहलता रहा। आधे घंटे बाद वह अंदर आया तो आरती तड़प रही थी। इसके बाद आरोपी ने तार को हटाया और आरती को बाथरुम में ले गया और हाथ पर ड्रेसर का तार लगाकर वापस से करंट लगा दिया। किसी को शक ना हो इसके लिए सुबह आरती के फोन से कैब बुक करवाई और वहां से निकल गया।

# बुजुर्ग दंपत्ति के घर से 15 लाख रुपए चुराने वाला नौकर गिरफ्तार

**जयपुर।** सोडाला थाना पुलिस ने बुजुर्ग दंपत्ति के घर से 15 लाख रुपए चुराकर फरार हुए नौकर को झारखंड के नक्सली इलाके से गिरफ्तार कर उसके पास से 14 लाख रुपए से ज्यादा की राशि बरामद की है। पुलिस जानकारी में सामने आया है कि आरोपी दंपति के पास दो साल से नौकरी कर रहा था। आरोपी नेपाल भागने की फिराक में था। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (दक्षिण) दिगंत आनंद ने बताया कि सोडाला थाना पुलिस ने बुजुर्ग दंपत्ति के घर से पन्द्रह लाख रुपए चोरी कर फरार हुए नौकर प्रिंस गुप्ता निवासी दरभंगा (बिहार) को झारखंड के नक्सली इलाके से गिरफ्तार कर उसके पास से 14 लाख रुपए से ज्यादा की राशि बरामद की है।

अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त दक्षिण ललित शर्मा ने बताया कि वारदात के बाद फरार नौकर को पकड़ने के लिए जयपुर शहर के हजारो सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक किए गए तो आरोपी घटना के बाद अंतिम बार रेल्वे स्टेशन के पास दिखाई दिया। आरोपी के मोबाइल नम्बर के आधार पर उसकी लोकेशन ट्रेस की गई। इसके बाद पुलिस ने करीब दस दिनों तक नक्सली इलाकों में आरोपी को सर्च किया। जिस पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी नेपाल जाने की फिराक में था लेकिन उस से पहले ही पुलिस ने उसे पकड लिया। आरोपी को रिमांड पर लिया गया हैं।

थानाधिकारी सुरेन्द्र सिंह ने बताया कि गत 5 अक्टूबर को गणेशपथ रामनगर निवासी राकेश कुमार ने मामला दर्ज करवाया कि उसके पिता सत्यप्रकाश एक बीएसएनएल से रिटायर्ड कर्मचारी है तथा उनकी उम्र 84 वर्ष है। उन्होंने अपने निजी कार्यों के लिए एक घरेलू नौकर रखा था, जिसका नाम प्रिंस गुप्ता निवासी दरभंगा (बिहार) से था। पहले वह पेशेंट केयर एजेंसी में कार्य करता था। जब उसे कार्य पर रखा था परंतु बाद में उसके पिता ने उसकी बहन सुशीला देवी व बहनोई लादूराम निवासी श्याम नगर जयपुर के सुझाव पर एजेंसी से हटाकर रख रखा था। वह दो साल से उनके घर रह रहा था।